प्रोत्साहित किया जाएगा। | कृषक कल्याण वर्ष 2026 का हुआ शुभारंभ

# विधायक ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शहडोल , नवभारत।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में जम्बूरी मैदान से कृषक कल्याण वर्ष 2026 की शुरूआत 1100 ट्रैक्टरों की रैली को हरी झण्डी दिखाकर की गई। जिसका लाइव प्रसारण शहडोल जिले में भी देखा एवं सुना गया। जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मनीषा सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर शहडोल में कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर कृषि कल्याण वर्ष 2026 की शुरूआत की तथा कृषि रथों को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करने हेतु रवाना किया। विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि किसानों को समृद्ध बनाने के लिए वर्ष 2026 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। जिसकी थीम समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश है। किसान कल्याण वर्ष में किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, अनुदान योजनाओं, कृषि बीमा, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल विविधीकरण, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उद्यानिकी फसलें सब्जी, फूल उत्पादन, मशालों के उत्पादन, आदि के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।




किसान रथ एक महीने तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेंगा, भ्रमण के दौरान कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन तथा कृषि वैज्ञानिक किसानों को तकनीकी सलाह देने के साथ ही स्थानीय संभावनाओं के अनुसार खेती के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

उप संचालक कृषि अनुराग पटेल ने बताया कि शहडोल जिले में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबंद्ध विषयों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश से जायद, खरीफ एवं रबी फसलों की बुवाई के एक माह पूर्व (वर्ष में प्रति सीजन एक माह) प्रत्येक विकासखण्ड में कृषि रथ चलाया जा रहा है। प्रत्येक दिवस ग्राम पंचयातो का भ्रमण तथा 01 माह के अवधि में विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों में रथ पहुंचाने के निर्देश है। उन्होंने बताया कि जिले के समस्त विकासखंडों में कृषि रथ के संचालन एवं कृषको को तकनीकी जानकारी देने हेतु रूटचार्ट अनुसार तकनीकी दल गठित कर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कृषि रथ के मुख्य आधार स्तम्भ जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार,मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार-प्रसार,एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन,कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देना,विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार,प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना,ई-विकास प्रणाली अन्तर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था एवं पराली प्रबंधन है।इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग, जनपद अध्यक्ष सोहागपुर हीरावती कोल, जनपद सदस्य, कृषि वैज्ञानिक, कृषि उद्यानिकी, मत्स्यपालन से जुड़े किसान तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन माह की मासूम की मौत से हड़कंप

## परिजनों ने टीकाकरण पर लगाए गंभीर आरोप

**ब्यौहारी, नवभारत ।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्हारी अंतर्गत ग्राम सूखा में तीन माह दस दिन की मासूम बच्ची की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। परिजनों ने आंगनबाड़ी केंद्र में हुए टीकाकरण को बच्ची की मौत का कारण बताते हुए गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद गांव में आक्रोश और तनाव का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील कुमार पाल की पुत्री प्रियांशी पाल को 9 जनवरी को सुखा आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण के लिए ले जाया गया था। परिजनों का आरोप है कि बच्ची को एक साथ दो टीके लगाए गए और तीन डोज दवा पिलाई गई। टीकाकरण के कुछ घंटों बाद ही बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी और वह लगातार रोती रही।परिजनों के मुताबिक रात में मां ने बच्ची को दूध पिलाया, लेकिन करीब तीन बजे जब माता-पिता की नींद खुली तो बच्ची के शरीर में कोई हलचल नहीं थी। उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

## थाने पहुंचा मामला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटना की सूचना पर ब्यौहारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आंगनबाड़ी केंद्र की एएनएम पर गलत तरीके से टीकाकरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रविवार को घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पिता सुनील पाल ने कहा कि टीका लगने के बाद ही बच्ची की हालत बिगड़ी थी।

## स्वास्थ्य विभाग ने आरोपों को नकारा

वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील स्थापक ने टीकाकरण से मौत की बात को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है और उसी केंद्र पर अन्य बच्चों को भी टीके लगाए गए थे, जो स्वस्थ हैं। उन्होंने संभावना जताई कि दूध पिलाने के बाद डकार न दिलाने से बच्ची को परेशानी हुई हो सकती है।फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों ही मामले की जांच कर रहे हैं।



# विवि के पुराने परिसर में विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

**शहडोल, नवभारत ।** शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में विद्यार्थियों एवं नगर पालिका शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में साफसफाई का कार्य किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई एवं स्वच्छता का संदेश जनमानस को दिया एवं शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की शपथ भी दिलाई गई। साफसफाई के कार्य में नगर पालिका शहडोल का मैदानी अमला एवं शंभूनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शामिल रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता सीजन-2 में बरकछ टीम बनी विजेता

**ब्योहारी, नवभारत।** स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बरकछ में युवा समाजसेवी इंजीनियर विकास चतुर्वेदी के संरक्षण में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता सीजन-2 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आई कई कबड्डी टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बाद बरकछ और जयसिंहनगर की टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों के बीच खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बरकछ की टीम ने विजय हासिल की और प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।



फाइनल मैच के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथियों ने इस आयोजन को खेल के प्रति लगन और अनुशासन की जीत बताते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है, इसलिए युवाओं को खेलों से जुड़ना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्योहारी विधानसभा के विधायक शरद जुगलाल कोल, वार्ड क्रमांक 03 के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, ग्राम पंचायत बरकछ के सरपंच दादूराम कोल, ग्राम के संभ्रांत नागरिक एवं बड़ी संख्या में गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे। समाजसेवी विकाश चतुर्वेदी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की बात कही।

# 7 गैंग के आरोपी गिरफ्तार , लूट एवं मारपीट की वारदात को दिया था अंजाम

**शहडोल, नवभारत ।**9 जनवरी को फरियादी विकास गुप्ता पिता स्व. सीताराम गुप्ता, उम्र 22 वर्ष, निवासी तिखवा थाना पपौध, हाल हप्पा कॉलोनी बनसुकली तिराहा थाना ब्यौहारी, जिला शहडोल द्वारा थाना ब्यौहारी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 08 जनवरी को शाम लगभग 04-05 बजे जैन चक्की भोगिया तिराहा के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए चाकू दिखाकर 12 हजार नगद एवं इंफिनिक्स कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया गया तथा लाठी-डंडा, बेल्ट एवं हाथ-मुक्कों से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। आरोपियों द्वारा फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी गई। उक्त रिपोर्ट पर



थाना ब्यौहारी में अपराध धारा बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी आनंद यादव पिता रामनरेश यादव उम्र 21 साल बिलहा थाना सीधी, प्रशांत उर्फ कान्हा यादव पिता कमलेश प्रसाद यादव उम्र 22 साल निवासी ग्राम खड्डा थाना ब्यौहारी, मोहम्मद आमीन पिता मोहम्मद सलीम उम्र 20 साल निवासी वार्ड नं.03 थाना ब्यौहारी एवं उक्त प्रकरण में विधि विरूद्ध 02 बालकों को भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को विधिसम्मत कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का संचालन 12 से

**शहडोल , नवभारत।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का संचालन 12 से 26 जनवरी 2026 तक जिले में आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्देश्य म.प्र. सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना एवं प्रदेश सरकार की लोक हितकारी योजनाओ मे पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण हेतु सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मैदानी स्तर पर अन्य विभागों के साथ मिलकर आगामी 12 से 26 जनवरी 2026 तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अंर्तगत ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

अभियान मे ग्रामोत्सव, ग्राम चौपाल, ग्राम रैली, सामूहिक श्रमदान एवं पारिवारिक संर्पक कार्यकमों के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वालंबन एंव स्वदेशी, नागरिक सेवा, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्ति समाज एवं गौ संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देने एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओ का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया जायेगा। जिसके परिपालन में शहडोल जिला अर्न्तगत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यकम दिनांक 13 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान / ग्रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे संबंधित अधिकारी उपस्थित रहते हुये विभाग से संबंधित जानकारी से उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराए तथा विभाग द्वारा प्रादाय किये जाने वाले हितलाभ वितरण / संबंधित विभागो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित कराया जाना सुनिश्चित करें।



# गांधी स्टेडियम में सामूहिक सूर्य नमस्कार आज

**शहडोल, नवभारत ।** जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची ने जानकारी दी है कि स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2026 को प्रातः 9:00 बजे से प्रात 10.30 बजे तक जिला मुख्यालय शहडोल के महात्मा गाँधी स्टेडियम शहडोल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिले भर में आयोजित किए जाएंगे।

नियुक्ति | शहडोल संभाग से दयाशंकर शुक्ल प्रदेश उपाध्यक्ष और त्रिलोकी नाथ संभाग अध्यक्ष नियुक्त

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद में की गई नियुक्तियां

**शहडोल, नवभारत ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, जो ब्राह्मण समाज की एकता, स्वाभिमान, सुरक्षा, सम्मान और समाज कल्याण के लिए कार्यरत एक प्रमुख राष्ट्रीय संगठन है, ने हाल ही में अपने संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। संगठन का मुख्य उद्देश्य बिना किसी अन्य जाति के प्रति घृणा रखे विश्व भर के ब्राह्मणों के हितों की रक्षा करना है। पं. दयाशंकर शुक्ल को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर पदोन्नत किया गया है। इससे पहले वे शहडोल संभाग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।त्रिलोकी नाथ गर्ग को शहडोल संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, पूर्व में वे शहडोल जिला अध्यक्ष थे।ये नियुक्तियां संगठन के विंध्य प्रांत (मध्य प्रदेश के शहडोल संभाग) में की गई हैं। संगठन के आधिकारिक हैंडल पर हालिया अपडेट (जनवरी 2026) में पं. त्रिलोकी नाथ गर्ग की संभाग अध्यक्ष पद पर मनोनीति की पुष्टि





की गई है, जिसमें उन्हें हार्दिक बधाई दी गई।

## संगठन में बदलाव का प्रभाव

ये पदोन्नति और नियुक्तियां संगठन में नवीन ऊर्जा और विस्तार का संकेत हैं। अब तक पं. दयाशंकर शुक्ल संभागीय स्तर पर और त्रिलोकी नाथ गर्ग जिला स्तर पर सक्रिय रहे हैं। नई जिम्मेदारियों के साथ संगठन शहडोल संभाग में अधिक गतिशीलता के साथ कार्य करेगा। पिछले वर्षों में भी शहडोल जिला इकाई सक्रिय रही है, जैसे वन अधिकारी के अभिनंदन कार्यक्रम और अन्य सामाजिक गतिविधियां।

## भविष्य में संभावित नए चेहरे और जिला स्तर की नियुक्तियां

शहडोल संभाग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख जिले शहडोल, उमरिया और अनूपपुर में संगठन के विस्तार को देखते हुए जल्द ही नई जिला इकाइयों के अध्यक्षों की नियुक्ति संभावित है। उमरिया और अनूपपुर यहां नए चेहरों को जिम्मेदारी मिलने की प्रबल संभावना है। नए अध्यक्ष समाज के युवा, शिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ताओं में से चुने जा सकते हैं। संगठन की रणनीति के अनुसार, समाज कल्याण, शिक्षा, संस्कृति संरक्षण और ब्राह्मण एकता पर जोर देते हुए स्थानीय स्तर पर नए पदाधिकारी शामिल किए जाते हैं। यह परिवर्तन ब्राह्मण समाज के उत्थान और एकजुटता में नया अध्याय जोड़ेगा। संगठन के विस्तार को लेकर आगे की घोषणाओं पर नजर रखना होगा। क्योंकि वर्तमान में जिस प्रकार से वर्ण व्यवस्था के तहत निर्धारित ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य समाज के लोगों को अपमानित करने वाला जातिगत विवादों को बढ़ावा दिया जा रहा है ऐसे समय में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद में सांगठनिक बदलाव का किस प्रकार से प्रभाव होगा देखना होगा।